# समता सागर होटल, कॉन्वेंट स्कूल, आशीर्वाद अस्पताल, सराफा एसोसिएशन मार्केट सबसे साफ, मिला सम्मान

## अभियान : स्वच्छ प्रतिष्ठान व संस्थान प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा

भास्कर संवाददाता | रतलाम 15-2-22

स्वच्छ प्रतिष्ठान, संस्थान प्रतियोगिता के विजेताओं की सोमवार को नगर निगम ने घोषणा की। साथ ही अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में संचालक व प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।

इनमें समता सागर होटल, कॉन्वेंट स्कूल, आशीर्वाद अस्पताल, सराफा एसोसिएशन मार्केट सबसे साफ पाए गए। वर्ग वार विजेताओं के नाम जारी करने के साथ आयुक्त सोमनाथ झारिया, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, पूर्व एमआईसी सदस्य भगतसिंह भदौरिया ने विजेता संस्थान व प्रतिष्ठानों के संचालक व प्रतिनिधियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। उपायुक्त विकास सोलंकी, ब्रांड एंबेसेडर दिव्या पाटीदार, दीपिका पटेल, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मो. हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य आदि मौजूद थे।

### सफाई की दौड़ में ये संस्थान रहे आगे

- होटल - प्रथम - समता सागर होटल, महू रोड प्रथम, द्वितीय - बालाजी सेंट्रल सैलाना रोड, तृतीय-जेएमडी पैलेस सागोद रोड
- स्कूल - प्रथम - सेंट जोसेफ कॉन्वेंट मित्र निवास रोड, द्वितीय - हिमालय किड्स स्कूल, तृतीय - शासकीय उत्कृष्ट उमावि, सागोद रोड तृतीय
- अस्पताल - प्रथम - आशीर्वाद वेदव्यास कॉलोनी, द्वितीय - रतलाम शास्त्रीनगर, तृतीय - आरोग्यम कॉलेज रोड
- सरकारी कार्यालय - प्रथम - कलेक्टर महू रोड, द्वितीय - कार्यालय नगरपालिक निगम कॉलेज रोड, तृतीय - जिला पंचायत कोर्ट तिराहा तृतीय
- मार्केट एसोसिएशन - प्रथम - सराफा मर्चेंट एसोसिएशन, द्वितीय - क्लाथ मर्चेंट एसोसिएशन, तृतीय - कसेरा मर्चेंट एसोसिएशन
- हॉकर्स जोन - प्रथम - दो बत्ती जोन, द्वितीय - कालिका माता, तृतीय - चांदनी चौक।



विजेता संस्थानों के प्रतिनिधियों को प्रमाण-पत्र देते भाजयुमो जिलाध्यक्ष जैन व अन्य अतिथि।

---

...जनसंपर्क किया जाएगा।

## जागरूक कर रहे है ब्रांड एम्बेसडर



15-2-22

रतलाम. स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत नगर निगम ने 5 ब्रांड एम्बेसडर बनाये हैं। यह लोग शहर के विभिन्न क्षेत्र में रैली निकालकर आमजन को स्वच्छता के लिए जागरुक कर रहे है। इसके लिए ब्रांड एम्बेसडर रैली निकाल रहे है व इसके अलावा विभिन्न वार्डो मे जागरुकता स्वच्छता अभियान 2022 के लिए जागरुकता ला रहे है। नगर नगम के अनुसार पद्मश्री विजेता डॉक्टर लीला जोशी, मिसेस इंडिया एंड मिसेस यूरेशिया दिव्या पाटीदार जोशी, शहर के स्वच्छता अभियान में अपना योगदान देने वाले समाजसेवी नवोदित बैरागी, अंजू सूर्यवंशी एवं खेल जगत मे विख्यात अनुज शर्मा ब्रांड एम्बेसडर में शामिल है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के अनुसार नगर निगम द्वारा नियुक्त ब्रांड एम्बेसडर विभिन्न क्षेत्रों में जाकर स्वच्छता अभियान 2022 के अंतर्गत काम कर रहे है। पूरा शहर ही नगर निगम के लिए ब्रांड एम्बेसडर है व सभी को इस अभियान में कार्य करना चाहिए।

## रविदास जयंती पर कल होंगे कार्यक्रम, अजा के मेधावी होंगे सम्मानित

रतलाम | संत रविदास जयंती पर बुधवार को जिले में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। सीएम शिवराजसिंह चौहान ने सोमवार को इसे लेकर वीसी ली। यह आयोजन जिला मुख्यालय के अलावा ब्लॉक मुख्यालय और ग्राम पंचायतों में भी होंगे।

ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना और कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप आयोजनों को लेकर रूपरेखा तय की। इसे लेकर अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया कि आयोजनों में जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभावान और उपलब्धि प्राप्त लोगों को सम्मानित किया जाएगा। नगर निगम के स्वच्छता मित्र सम्मानित होंगे। नगरपालिकाओं के स्वच्छता मित्रों को भी सम्मानित किया जाएगा। अन्य गतिविधियां भी होंगी। अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश बोरिया, एसडीएम राजेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

...जाएगा।

## ड्यूटी पर नहीं आए, 15 कर्मियों का वेतन काटा

रतलाम | नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के बिना बताए ड्यूटी से अनुपस्थित होने का सिलसिला अभी भी जारी है। सोमवार को भी पर्यवेक्षकों की चेकिंग में 15 कर्मचारी गैरहाजिर मिले। रिपोर्ट आने के बाद आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। इनमें जोन एक के 5, जोन दो के 6, जोन तीन के 3 और जोन 4 की एक कर्मचारी शामिल है। वेतन काटने के साथ नोटिस भी दिए हैं।

भास्कर 15-2

## आमजन के स्वास्थ्य के दृष्टिगत खाद्य एवं औषधि निरीक्षक मिलावटी वस्तुओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करें

स्वतंत्र समय 15-2-22

# कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**स्वतंत्र समय, रतलाम।**

समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में विगत बैठकों की भांति इस बार भी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा खाद्य एवं औषधि विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक जमरा से उनके द्वारा मिलावटी वस्तुओं के विरुद्ध की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। श्री जमरा द्वारा दिए गए उत्तर से असंतुष्ट कलेक्टर द्वारा मावा, दूध, घी इत्यादि खाद्य वस्तुओं में मिलावट के नमूनों ज्यादा से ज्यादा लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में सम्मिलित है। बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर श्री अभिषेक गहलोत, एसडीएम सुश्री कृतिका भीमावद, डीएफओ डी.एस. डूडवे, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर नानावरे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री पी.के.गोगादे, जिला योजना अधिकारी श्री बी.के. पाटीदार, जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी आदि उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की परीक्षाओं के दृष्टिगत कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। रात्रि 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक के लिए सभी डीजे, बैंड इत्यादि ध्वनि विस्तारक प्रतिबंधित किए जाएं ताकि बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आए। आंगनबाडियों में बच्चों को उचित शिक्षा-दीक्षा तथा इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्धता के दृष्टिगत अधिकारियों को सौंपी गई। आंगनबाडियों के संबंध में कलेक्टर द्वारा जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वह आंगनबाडियों में जाकर बच्चों की पढ़ाई से लेकर तमाम व्यवस्थाओं को देख रहे हैं और जो जरूरी सुधार हैं उनका कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव,



जिला खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल द्वारा आंगनवाड़ी में पहुंचकर किए गए निरीक्षण तथा अवलोकन की जानकारी कलेक्टर को दी गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे मात्र निरीक्षण तक सीमित नहीं रहे बल्कि आंगनवाड़ी के बच्चों से आत्मीयता रखते हुए कार्य करें। एसडीएम सुश्री कृतिका भीमावद ने भी आंगनवाड़ी निरीक्षण की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाडियों में अधोसंरचना, आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जिला खनिज फंड से कार्य करवाए जा सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी महीने में दो या तीन बार अपनी आंगनवाड़ी में अवश्य पहुंचे। किसी भी समस्या के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री रजनीश सिन्हा से संपर्क करें। आंगनवाड़ी में बच्चों के हाथ धोकर भोजन लेने, बर्तनों की उपलब्धता, हैंडवाश, सिस्टम, उचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही श्री सिन्हा को निर्देशित किया कि आंगनवाडियों की रैंकिंग भी की जाना है। बैठक में तहसीलदार गोपाल सोनी ने बताया कि उनकी तहसील में हर सप्ताह 15 से 20 आवेदन विमुक्त, घुमक्कड़, अर्धघुमक्कड़ जातियों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए आते हैं। कलेक्टर ने इस संबंध में समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारी सुश्री रश्मि तिवारी को भी आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। जिले में पशु चिकित्सा विभाग तथा मत्स्य विभाग द्वारा केसीसी बनाए जा रहे हैं। पशुपालक तथा मत्स्य कृषकों के केसीसी बन जाने पर उनको आवश्यक पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, साथ ही आर्थिक समृद्धि भी हासिल होगी। इस दृष्टि से मत्स्य विभाग को 2000 केसीसी बनाने का लक्ष्य है। अब तक 735 मत्स्य कृषको के केसीसी बनाए जा चुके है। पशु चिकित्सा विभाग के लक्ष्य के तहत 9000 केसीसी स्वीकृत किए जा चुके हैं। बीते एक सप्ताह में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 1000 पशुपालक कृषकों के केसीसी बनवाए गए। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग के अधिकारी कनेल ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत चयनित फसल लहसुन की प्रसंस्करण इकाइयों के 10 प्रकरण बैंकों द्वारा स्वीकृत किए जाने वाले हैं। अब तक 4 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की। जनसुनवाई व्यवस्था के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई कार्यक्रम की विश्वसनीयता बरकरार रहे। यदि जनपद क्षेत्रों से शिकायतें आती हैं तो इसका सीधा सा मतलब है कि संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है।

## न्यूज गैलरी

### संत रविदास जयंती पर होंगे आयोजन

रतलाम। 16 फरवरी को संत रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के संबंध में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने वीसी के माध्यम से सोमवार को सभी जिलों को दिशा-निर्देश दिए गए। जिला मुख्यालय के अलावा ब्लाकतथा ग्राम पंचायतों में भी आयोजन होंगे। वीसी के अवसर पर रतलाम एनआइसी कक्ष में विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### न्यू फीडर के तार खींचने के कार्य आज

रतलाम। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 15 फरवरी को 11 केवी न्यू फीडर के तार खींचने के कार्य किया जाएगा। इससे एसडीओ बीएसएनएल, सैलाना बस स्टैंड, मुख्य डाकघर, पोस्ट आफिस रोड, बाल चिकित्सालय, गायत्री सिनेमा, लोकेंद्र टाकीज चौराहा आदि क्षेत्रों का विद्युत प्रदाय प्रातः 11 से दोपहर दो बजे तक बंद रहेगा।।

### तीन अवैध कनेक्शन विच्छेद

रतलाम। नगर निगम द्वारा जलकर की बकाया वसूली और अवैध नल कनेक्शनों को विच्छेद करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को सुयोग परिसर में तीन अवैध नल कनेक्शन विच्छेद किए गए।

15-2-22

### - शोक समाचार -

**श्रेणिक कुमार कोठारी**



रतलाम। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डा. सागरमल कोठारी के पुत्र, नगर निगम के पूर्व सचिव, पेंशनर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष, आराधना भवन ट्रस्ट के ट्रस्टी, कबीर सा. मंदिर ट्रस्ट के पूर्व सचिव श्रेणिक कुमार कोठारी का निधन हो गया। त्रिवेणी मुक्तिधाम पर पुत्र शैलेंद्र, सुनील कोठारी ने मुखाग्नि दी। शोकसभा में आराधना भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक लुनिया, हिम्मत गेलड़ा, पूर्व महापौर पारस सकलेचा, कबीर सा. मंदिर ट्रस्ट के दलपत सुराणा, सुरेश बरमेचा, अमृत जैन, अभय सुराणा आदि गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दिशा समिति की बैठक कल

रतलाम, नप्र। दिशा समिति जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण कमेटी की बैठक सांसद गुमानसिंह डामोर की अध्यक्षता में कल 15 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष पर होगी।

### सफाई के लिए जागरूक कर रहे ब्रांड एम्बेसेडर

रतलाम, नप्र। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत नगर पालिग निगम ने पांच ब्रांड एम्बेसडर बनाए हैं।? जिनमे पद्मश्री विजेता डॉक्टर लीला जोशी मेडम, मिसेस इंडिया एंड मिसेस यूरेशिया दिव्या पाटीदार, अभियान में योगदान देने वाली नवोदित बैरागी एव अंजू सूर्यवंशीजो तथा अनुज शर्मा समय-समय पर जन जागरूकता के माध्यम से शहरवासियों को सफाई के लिए जागरूक कर रहे है।

रतलाम के ये सभी ब्रांड एम्बेसेडर खुद भी सफाई पर अमल कर रहे हैं वहीं आम जन के बीच इन प्रक्रियाओं का प्रचार प्रसार करते हैं।

# फिर शुरू हुआ 6 माह से बंद धोलावड़ रोड का काम



रतलाम| अमृत सागर बगीचा तिराहा से मोतीनगर होकर बाजना तक जाने वाली रोड का काम फिर शुरू हो गया है। यह 6 माह से बंद था। अधूरी सड़क के कारण रावटी, धोलावड़ सहित बीच के 6 गांवों के रहवासियों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी। दो साल पहले सड़क निर्माण की शुरुआत हुई थी लेकिन बड़े प्रोजेक्ट को लेने वाले ठेकेदार कमजोर साबित हुए। एक-एक करके तीन ठेकेदार हाथ खड़े कर चुके है। अब चौथे ने जिम्मेदारी ली है। पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा ने बताया कि रोड बनाने का काम लगातार लेट हो रहा है। तीन ठेकेदार बदल गए हैं। जनवरी अंत में ही काम चालू हुआ है। प्रोजेक्ट में अमृत सागर बगीचा तिराहा से मोतीनगर तक सीसी की रोड बनना है। उसके आगे डामरीकरण होगा। इसके लिए खुदाई हो चुकी है, कुछ जगह आधार तैयार हो गया, कुछ जगह बाकी है। फिलहाल उसी का काम चल रहा है।

भास्कर 15-2-22

# 75 मॉईक्रान से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित

रतलाम। रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 75 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

रतलाम नगर के समस्त प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 75 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एव ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। उपरोक्त का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जावेगी। नगर के नागरिकों से अनुरोध है कि प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग ना करें एवं इनके स्थान पर कपड़े एवं कागज से निर्मित थैलियों का उपयोग कर नगर को स्वच्छ, सुन्दर बनाने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

(प्रदेश 14 2

37.635 हेक्टेयर भूमि मुक्त कराई गई

# 6 माह में 38 करोड़ से अधिक की जमीन माफियाओं से कराई मुक्त

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** जिले में अपराधियों, भूमाफियाओं, असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। बीते 6 माह की अवधि में रतलाम जिले में शासकीय गाइड लाइन मूल्य के अनुसार 38 करोड़ 77 लाख रुपए मूल्य की भूमि मुक्त कराई गई है। प्रशासन द्वारा नशे का व्यापार करने वाले, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में लिप्त, आम आदमी की जमीन पर कब्जा करने वाले गुंडों, सूदखोरों आदि के अवैध निर्माण को हटाया गया है।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की मंशा अनुसार रतलाम जिले में भी माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई सतत जारी है। जिले में विगत सितंबर माह से लेकर जनवरी तक विभिन्न स्थानों पर 32 कार्रवाईयां की गई है। विभिन्न छोटी-बड़ी कार्रवाइयों में कुल मिलाकर 38 करोड़ 77 लाख रुपए मूल्य की 37.635 हेक्टेयर भूमि मुक्त कराई गई है। जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में अपराधिक तत्वों, भू माफियाओं तथा अन्य माफियाओं के 247 मकान दुकान या अन्य प्रकार की संरचनाओं को तोड़ा गया है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई

माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई के तहत रतलाम शहर से लेकर आलोट, जावरा, रतलाम ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य रूप से बड़ी कार्रवाइयां की गई है जिनमें ग्राम ढोढर में 106 अवैध दुकानों को तोड़कर अतिक्रमण हटाया गया था। वही विगत दिनों रतलाम शहर में भी अपराधिक तत्वों के मकानों को ध्वस्त किया गया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के अनुसार जिले में भूमाफियाओं, अपराधिक तत्वों, अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। इस संबंध में सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि अवैध निर्माणों को चिन्हित करें।

शहर के इंद्रलोक नगर क्षेत्र में हुआ हादसा

# डीजल भट्टी में लगी आग, नमकीन दुकान में फैल गई



## सूचना पर दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर बुझाई आग

**रतलाम @ पत्रिका.** शहर के इंद्रलोक नगर में सोमवार दोपहर एक नमकीन दुकान में आग लग गई। हादसे की सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाई। हालाकि आगजनी की घटना को देख आस-पास के लोगों ने भी पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन डीजल भट्टी होने से आग पूरी दुकान में फैल गई जिसके चलते उसमें रखा सामान भी जल गया।

दुकान संचालक ने बताया कि डीजल की भट्टी नई थी। उसमें डीजल भरने के बाद जब शुरू किया तो भट्टी ने आग पकड़ ली जो कि थोड़ी देर में दुकान तक फेल गई। आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन वह बढ़ने लगी जिसके बाद दमकल विभाग को सूचना देकर गाड़ी बुलवाई गई, जिसके आने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से दुकान में रखा सामान जलने से काफी नुकसान होना बताया जा रहा है।

## रोजगार मेले के सुचारू क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे

रतलाम। जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा 22 फरवरी को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सैलाना रोड पर प्रात: 10.30 बजे आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा मेले की समुचित व्यवस्थाओं के सुचारू रुप से क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। तदनुसार अनुविभागीय अधिकारी (शहर) राजेश शुक्ला तथा प्राचार्य आईटीआई यु.पी. अहिरवार कार्यक्रम समन्वयक बनाए गए हैं। महाप्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र मुकेश शर्मा, अधीक्षक आईटीआई एच.के. बाथम तथा सहायक प्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र नीरज बरकडे को कम्पनियों से समन्वयक संबंधी कार्य, नगर पुलिस अधीक्षक हेमन्त चौहान कानून व्यवस्था, आयुक्त नगर निगम सोमनाथ झारिया परिसर में पानी, सफाई व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं विनय प्रतापसिंह विद्युत व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे को मेले में सेनेटाईजर, थर्मल स्क्रेनिंग, फर्स्ट एड की व्यवस्था का दायित्व निर्वहन करेंगे।

15-2-22

## रोजगार मेले के सुचारू क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे

15-2-22

रतलाम। जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा 22 फरवरी को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सैलाना रोड पर प्रात: 10.30 बजे आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा मेले की समुचित व्यवस्थाओं के सुचारू रुप से क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। तदनुसार अनुविभागीय अधिकारी (शहर) राजेश शुक्ला तथा प्राचार्य आईटीआई श्री यु.पी. अहिरवार कार्यक्रम समन्वयक बनाए गए हैं। महाप्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र मुकेश शर्मा, अधीक्षक आईटीआई एच.के.बाथम तथा सहायक प्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र नीरज बरकडे को कम्पनियों से समन्वयक संबंधी कार्य, नगर पुलिस अधीक्षक हेमन्त चौहान कानून व्यवस्था, आयुक्त नगर निगम सोमनाथ झारिया परिसर में पानी, सफाई व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं विनय प्रतापसिंह विद्युत व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.प्रभाकर ननावरे को मेले में सेनेटाईजर, थर्मल स्क्रेनिंग, फर्स्ट एड की व्यवस्था का दायित्व निर्वहन करेंगे। मेला स्थल पर पंजीयन, काउण्टर तथा रिकार्ड संधारण की व्यवस्था प्राचार्य आईटीआई की सुविधानुसार की जाएगी।

**जलप्रदाय व्यवस्था में खामियां** • धोलावड़ डेम में पर्याप्त पानी, चोरों के अवैध नल कनेक्शन काटने लगाईं 4 टीमें, लीकेज ठीक करने पर कोई ध्यान नहीं

# 6000 से ज्यादा पानी चोर, पाइप लाइन में 380 लीकेज, गर्मी में आएगी दिक्कत, आठ इलाकों में भेजना पड़ेंगे टैंकर

भास्कर संवाददाता | रतलाम 15-2-22

नगर निगम की बिगड़ी जलप्रदाय व्यवस्था से तापमान चढ़ने पर शहर के 8 बाहरी इलाकों के रहवासियों को कमी झेलना पड़ेगी। फिलहाल मौसम साथ दे रहा है लेकिन मार्च से इन इलाकों में टैंकरों से पानी भेजना पड़ेगा। धोलावड़ डेम में तो 389.88 मीटर पानी भरा है परंतु 6000 से ज्यादा अवैध नल कनेक्शनों से रोज हजारों गैलन पानी चोरी हो रहा है। इसके अलावा हजारों लीटर पानी पाइप लाइन के 380 से अधिक छोटे-बड़े लीकेज से बह जाता है। नतीजा शहर तक अभी से 1 से 1.5 एमएलडी पानी कम पहुंच पा रहा है।

गर्मी बढ़ने के साथ पानी की मांग भी बढ़ेगी। इससे मांग और आपूर्ति का यह अंतर भी बढ़ता जाएगा। इसके चलते बाहरी क्षेत्रों की बस्तियों और कॉलोनियों तक पानी या तो कम पहुंचता है या पहुंच ही नहीं पाता। अब तक जानकर भी अनजान बने बैठे अफसरों को भी इसकी आगामी जलसंकट की भनक लग गई है इसलिए हालात बिगड़े उससे पहले ही डेम के दोनों इंटकवेल का मेंटिनेंस करवा दिया है। वहीं पानी चोरों के नल कनेक्शन भी काटना शुरू कर दिए हैं। हालांकि लीकेज ठीक करने के लिए बीते साल की तरह इस साल अब तक मुहिम शुरू नहीं हो पाई है।



सुयोग परिसर में गली से किया अवैध नल कनेक्शन काटता जलप्रदाय कर्मचारी।

## जलप्रदाय व्यवस्था के इस तरह हैं लीकेज

### 38250 नल कनेक्शन, 21000 ही नियमित जलकर भर रहे

पानी का हिसाब-किताब और भी चौंकाने वाला है। निगम के रिकॉर्ड में शहर में लगभग 38250 वैध नल कनेक्शन हैं। वहीं जलप्रदाय अमले की जानकारी के अनुसार 6000 हजार से ज्यादा अवैध नल कनेक्शन हैं। वैध कनेक्शन वालों में से सिर्फ 21 हजार ही नियमित जलकर भरते हैं। बचे 17250 कनेक्शन, इनमें से आधे मनमर्जी से तो बाकी के आधे यानी लगभग 8625 नल कनेक्शन वाले एक तो जलकर नहीं भरते लेकिन पानी जरूर ले रहे हैं।

### 15.03 करोड़ रुपए का लक्ष्य लेकिन अब तक सिर्फ 5.24 करोड़ रुपए की वसूली हो पाई है

वसूली में भी जलप्रदाय अमला फिसड्डी ही रहता है। इस साल लगभग 15.03 करोड़ का लक्ष्य है। अब तक सिर्फ 5.24 करोड़ की वसूली हुई है। 31 मार्च तक के बचे हुए 44 दिन में जलप्रदाय अमले को करीब 10 करोड़ की वसूली करना है। यह असंभव है क्योंकि 8500 से ज्यादा नल कनेक्शनधारी का कोई अता-पता नहीं है। कोई शहर छोड़कर तो कोई मकान बेचकर चला गया। ऐसे में पुरानी वसूली सालों से अटकी है।

### एक माह में 36 अवैध कनेक्शन ही काट पाए

अमले की कमी से अवैध नल कनेक्शन काटने की मुहिम भी धीमी चल रही है। आयुक्त ने एक माह पहले 4 टीमें बनाई थीं जो अब तक सिर्फ 36 अवैध कनेक्शन ही काट पाई हैं। सोमवार को इंजीनियर भैयालाल चौधरी के अंडरवाले सुयोग परिसर, मुखर्जीनगर में 3 अवैध नल कनेक्शन काटे गए। इसके अलावा 1,62,020 रुपए जलकर भी वसूला। इसमें शिविर में 46510 रुपए, वसूली दल ने 86020 रुपए और काउंटर से 29490 रुपए आए।

### ऐसे बिगड़ा हुआ है अभी पानी का हिसाब

- रोज जरूरत 34 से 35 एमएलडी
- रोज आ रहा 31 से 32 एमएलडी
- हैंडपंप, ट्यूबवेल व अन्य स्रोतों से 1 से 1.5 एमएलडी
- मांग और आपूर्ति में अंतर - 1 से 2 एमलडी
- मार्च अंत से जून तक जरूरत 40 से 41 एमलएलडी

### कहीं भी पानी की समस्या नहीं आने दी जाएगी

*अवैध नल कनेक्शन काटने की मुहिम लगातार चल रही है। इंटकवेल का मेंटिनेंस हो चुका है, लीकेज भी ठीक किए जा रहे हैं। व्यवस्था बना रहे हैं गर्मी में शहर में पानी की समस्या नहीं आने दी जाएगी। अगर कहीं ज्यादा जरूरत हुई तो टैंकर से भेजेंगे।*

**मो. हनीफ शेख,**
कार्यपालन यंत्री-जलप्रदाय

# रोजगार मेले के सुचारू क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे

रतलाम। जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा 22 फरवरी को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सैलाना रोड पर प्रातः 10.30 बजे आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा मेले की समुचित व्यवस्थाओं के सुचारू रुप से क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। तद्नुसार अनुविभागीय अधिकारी (शहर) राजेश शुक्ला तथा प्राचार्य आईटीआई यु.पी. अहिरवार कार्यक्रम समन्वयक बनाए गए हैं। महाप्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र मुकेश शर्मा, अधीक्षक आईटीआई एच.के. बाथम तथा सहायक प्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र नीरज वरकडे को कम्पनियों से समन्वयक संबंधी कार्य, नगर पुलिस अधीक्षक हेमन्त चौहान कानून व्यवस्था, आयुक्त नगर निगम सोमनाथ झारिया परिसर में पानी, सफाई व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं विनय प्रतापसिंह विद्युत व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे को मेले में सेनेटाईजर, थर्मल स्क्रेनिंग, फर्स्ट एड की व्यवस्था का दायित्व निर्वहन करेंगे। मेला स्थल पर पंजीयन, काउण्टर तथा रिकार्ड संधारण की व्यवस्था प्राचार्य आईटीआई की सुविधानुसार की जाएगी।

# रोजगार मेले को लेकर सौंपी जिम्मेदारी

रतलाम. रोजगार मेला 22 फरवरी को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सैलाना रोड पर सुबह 10.30 बजे आयोजित होगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को अधिकारियों और कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। एसडीएम शहर राजेश शुक्ला तथा प्राचार्य आईटीआई यू.पी. अहिरवार को कार्यक्रम समन्वयक बनाया गया है। महाप्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र मुकेश शर्मा, अधीक्षक आईटीआई एच.के. बाथम तथा सहायक प्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केंद्र नीरज वरकड़े को कंपनियों से समन्वयक संबंधी कार्य, सीएसपी हेमंत चौहान को कानून व्यवस्था, आयुक्त नगर निगम सोमनाथ झारिया परिसर में पानी, सफाई व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं विनय प्रतापसिंह को विद्युत व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे को मेले में सेनेटाईजर, थर्मल स्क्रेनिंग, फर्स्ट एड कीट व्यवस्था का दायित्व सौंपा।

# 10 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम। वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रात: 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रात: 10 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रात: झोन क्रमांक 1 में रानीबाई पति आजाद, सुनील-सोहनलाल, रानी पति श्यामलाल, लखन रविन्द्र, बसंतीबाई पति किशन, श्रवण-भरत, झोन क्रमांक 2 में शकुन्तलाबाई पति अर्जुन, दुर्गाबाई पति संजय व परवेज-हुकमीचन्द बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है उन्हे सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जायेगी।

अग्निबाण 14-2-22

## गंदगी फैलाने वाले चार लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने पर नंदकिशोर राजेंद्र नगर से 2000 रुपये, शिवजी रेस्टोरेंट स्टेशन रोड से 500 रुपये, शर्मा रेस्टोरेंट व कार्तिक रेस्टोरेंट स्टेशन रोड से 250-250 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी।

# शहर के लिए जरूरी दो ओवरब्रिज, समिति दूर करे निर्माण की बाधा

## ंतजार ● एक साल बाद आज बैठक लेंगे सांसद, विभागवार समीक्षा में ध्यान देने की जरूरत, सब ठीक रहा तो इसी वर्ष मिलेगी सौगात

15-2-22

नाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। र के पटरी पार क्षेत्र में आवागमन भ करने के लिए सुभाष नगर वरब्रिज निर्माण व सागोद रोड ब्रिज ीकरण में तकनीकी व वित्तीय कारणों ाम अटक रहा है। करीब एक साल मंगलवार को सांसद गुमानसिंह र की अध्यक्षता में होने वाली दिशा ति की बैठक में इन अड़चनों को दूर की पहल हुई तो यह सौगात इसी मिल जाएगी।

देशा समिति की बैठक में जिले के विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि धिकारी होते हैं। पिछली बैठक 28 ी 2021 को हुई थी। बैठक में े अधिक विभागों के कामकाज, स कार्यों की समीक्षा होती है। रोड पुलिया का मामला रेलवे की के कारण व सुभाष नगर ओवरब्रिज में प्रदेश स्तर पर वित्तीय समिति क को लेकर रुका हुआ है।

सुभाष नगर ओवरब्रिज में अतिरिक्त लागत की स्वीकृति ल पाई है। सागोद रोड पुलिया रण में रेलवे के हिस्से में निर्माण र रेलवे की तीन मांग है। इसकी री भोपाल मुख्यालय भेजी है।

**-आरके गुप्ता, एसडीओ-**
**सेतु विकास निगम**

### 1 : शासन से 10 करोड़ मिलेंगे तो हटेगी हाईटेंशन लाइन

सुभाष नगर ओवरब्रिज निर्माण में सुभाष नगर व बिरियाखेड़ी छोर पर पिलर तैयार हो गए हैं। ठेकेदार ने सभी तैयारी कर ली है, लेकिन 33 केवी लाइन गुजरने से रेलवे के हिस्से में गर्डर डालने का काम नहीं हो पा रहा है। यही स्थिति सुभाष नगर छोर की भी है। लाइन हटाने के लिए सेतु विकास निगम को बिजली कंपनी को करीब 2.25 करोड़ रुपये देना पड़ेंगे। मालूम हो कि 28 मार्च 2017 को मिली प्रशासकीय स्वीकृति में ब्रिज निर्माण की लागत 23.27 करोड़ रुपये तय की गई थी। इधर मुआवजा व अन्य कारणों से लागत अब करीब 34 करोड़ रुपये हो गई है। सेतु निर्माण विभाग ने रिवाइज्ड लागत का प्रस्ताव करीब एक साल पहले शासन को भेज दिया, लेकिन वित्तीय समिति की बैठक नहीं होने से स्वीकृति नहीं मिली। शेष 10 करोड़ रुपये मिलने पर हाईटेंशन लाइन हटाने सहित अन्य कार्यों में तेजी आएगी। काम फरवरी 2022 तक पूरा हो जाना था।

**अभी 22 कालोनियों के 35 हजार लोग प्रभावित:** सुभाष नगर रेलवे फाटक दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर है। यहां ट्रेनों का दबाव अधिक होने से हर पांच से दस मिनट में फाटक बंद करना पड़ता था। ओवरब्रिज का निर्माण चालू होने के बाद आवागमन बंद कर दिया गया है। अभी आसपास की 22 से अधिक कालोनियों के 35 हजार से ज्यादा लोग चार किमी की लंबी दूरी तय कर सैलाना रोड प्रताप ओवर ब्रिज से आवागमन कर रहे हैं।



सुभाष नगर ओवरब्रिज निर्माण में हाईटेंशन लाइन के कारण काम रुका है। •नईदुनिया

**ब्रिज निर्माण पर नजर**

- कुल लंबाई **744** मीटर
- सेतु निर्माण विभाग द्वारा **672** मीटर
- रेलवे के क्षेत्र में **72** मीटर

### 2 : सागोद रोड ब्रिज के लिए रेलवे ने डिजाइन रोकी

सागोद रेलवे पुलिया को फोरलेन के मान से चौड़ा किया जाना है। उत्कृष्ट विद्यालय के छोर पर रिटेनिंग वाल बनाने का काम तेजी से चल रही है। रेलवे ट्रैक के ऊपर वाले हिस्से को रेलवे की अनुमति से बनाया जाएगा। रेलवे ने ड्राइंग डिजाइन को स्वीकृत करने से पहले 54 मीटर लंबे इस हिस्से का निर्माण सेतु निगम द्वारा करने व रेलवे द्वारा लागत का चौथाई हिस्सा देने, ईश्वरनगर लेवल क्रासिंग गेट को बंद करने, गेट के स्थान पर एलएचएस (लो हाइट सब वे) बनाने को लेकर सेतु विकास निगम से सहमति मांगी है। इसके चलते काम अटका हुआ है। सेतु विकास निगम एसडीओ ने प्रस्ताव भोपाल मुख्यालय भेज दिया है, लेकिन वहां से जवाब नहीं आया है।

#### बाजना रोड पर आवागमन सुलभ होगा

सागोद रोड पुलिया के चौड़ीकरण के बाद बाजना रोड से आवागमन भी सुलभ हो जाएगा। अभी संकरी पुलिया के कारण जाम लगता रहता है। बाजना बस स्टैंड से बरोठ माता मंदिर तक पहले ही फोरलेन बनाई जा चुकी है।



सागोद रोड पुलिया चौड़ीकरण में रिटेनिंग वाल का निर्माण किया जा रहा है। •नईदुनिया

**फोरलेन बनेगी सागोद रोड पुलिया**

- रतलाम वाला छोर **160** मीटर लंबाई
- ओवर ब्रिज व पुलिया **536** मीटर लंबाई
- रेलवे ट्रैक के ऊपर **54** मीटर लंबाई

ओवरब्रिज और पुलिया निर्माण में कुल 536 मीटर लंबाई रखी गई है। इसके तहत रतलाम वाले छोर पर 160 मीटर व बाजना वाले छोर पर 320 मीटर का हिस्सा होगा। वहीं रेलवे ट्रैक के ऊपर वाला हिस्सा 54 मीटर लंबा होगा।

# आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

## मिलावटी वस्तुओं के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में विगत बैठकों की भांति इस बार भी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा खाद्य एवं औषधि विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक श्री जमरा से उनके द्वारा मिलावटी वस्तुओं के विरुद्ध की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की। श्री जमरा द्वारा दिए गए उत्तर से असंतुष्ट कलेक्टर द्वारा मावा, दूध, घी इत्यादि खाद्य वस्तुओं में मिलावट के नमूने ज्यादा से ज्यादा लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में सम्मिलित है।

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की परीक्षाओं के दृष्टिगत कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। रात्रि 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक के लिए सभी डीजे, बैंड इत्यादि ध्वनि विस्तारक प्रतिबंधित किए जाएं ताकि बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आए।

स्वदेश 15-2-22

### बच्चों से आत्मीयता रखें

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे मात्र निरीक्षण तक सीमित नहीं रहें बल्कि आंगनवाड़ी के बच्चों से आत्मीयता रखते हुए कार्य करें। एसडीएम सुश्री कृतिका भीमावद ने भी आंगनवाड़ी निरीक्षण की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाड़ियों में अधोसंरचना, आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जिला खनिज फंड से कार्य करवाए जा सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी महीने में दो या तीन बार अपनी आंगनवाड़ी में अवश्य पहुंचे। किसी भी समस्या के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा से संपर्क करें। आंगनवाड़ी में बच्चों के हाथ धोकर भोजन लेने, बर्तनों की उपलब्धता, हैंडवाश सिस्टम, उचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही श्री सिन्हा को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ियों की रैंकिंग भी की जाना है।

### प्रमाण पत्र के लिए समुचित व्यवस्था करें

बैठक में तहसीलदार गोपाल सोनी ने बताया कि उनकी तहसील में हर सप्ताह 15 से 20 आवेदन विमुक्त, घुमक्कड़, अर्द्धघुमक्कड़ जातियों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए आते हैं। कलेक्टर ने इस संबंध में समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारी सुश्री रश्मि तिवारी को भी आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। जिले में पशु चिकित्सा विभाग तथा मत्स्य विभाग द्वारा केसीसी बनाए जा रहे हैं। पशु पालक तथा मत्स्य कृषकों के केसीसी बन जाने पर उनको आवश्यक पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, साथ ही आर्थिक समृद्धि भी हासिल होगी। इस दृष्टि से मत्स्य विभाग को 2000 केसीसी बनाने का लक्ष्य है। अब तक 735 मत्स्य कृषकों के केसीसी बनाए जा चुके है। पशु चिकित्सा विभाग के लक्ष्य के तहत 9000 केसीसी स्वीकृत किए जा चुके हैं। बीते एक सप्ताह में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 1000 पशु पालक कृषकों के केसीसी बनवाए गए।

आंगनवाड़ियों में बच्चों को उचित शिक्षा-दीक्षा तथा इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्धता के दृष्टिगत अधिकारियों को सौंपी गई। आंगनवाड़ियों के संबंध में कलेक्टर द्वारा जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वह आंगनवाड़ियों में जाकर बच्चों की पढ़ाई से लेकर तमाम व्यवस्थाओं को देख रहे हैं और जो जरूरी सुधार हैं उनका कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव, जिला खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल द्वारा आंगनवाड़ी में पहुंचकर किए गए निरीक्षण तथा अवलोकन की जानकारी कलेक्टर को दी गई।

### आयुष्मान व हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा

उद्यानिकी विभाग के अधिकारी श्री कनेल ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत चयनित फसल लहसुन की प्रसंस्करण इकाइयों के 10 प्रकरण बैंकों द्वारा स्वीकृत किए जाने वाले हैं। अब तक 4 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की। जनसुनवाई व्यवस्था के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई कार्यक्रम की विश्वसनीयता बरकरार रहे। यदि जनपद क्षेत्रों से शिकायतें आती हैं तो इसका सीधा सा मतलब है कि संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा जानकारी दी गई कि जिले की सभी पुरानी जल संवर्धन की 686 योजनाओं में से 48 योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति के प्राक्कलन उपयंत्रियों से प्राप्त होना शेष है। इस संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शेष प्राक्कलन तत्काल प्राप्त कर स्वीकृत सभी जल संवर्धन योजनाओं के जीर्णोद्धार कार्य को 15 अप्रैल तक पूर्ण कराया जाए।

# मिलावटी वस्तुओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करें: कलेक्टर

रतलाम। समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में विगत बैठकों की भांति इस बार भी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा खाद्य एवं औषधि विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक श्री जमरा से उनके द्वारा मिलावटी वस्तुओं के विरुद्ध की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। श्री जमरा द्वारा दिए गए उत्तर से असंतुष्ट कलेक्टर द्वारा मावा, दूध, घी इत्यादि खाद्य वस्तुओं में मिलावट के नमूनों ज्यादा

## ▶ समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

से ज्यादा लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजने हेतु निर्देशित किया।



कलेक्टर ने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में सम्मिलित है। बैठक में अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गहलोत, एसडीएम कृतिका भीमावद, डीएफओ डीएस डूडवे, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर नानावरे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री पीके गोगादे, जिला योजना अधिकारी बीके पाटीदार, जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की परीक्षाओं के दृष्टिगत कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। रात्रि 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक के लिए सभी डीजे, बैंड इत्यादि ध्वनि विस्तारक प्रतिबंधित किए जाएं ताकि बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आए। आंगनबाड़ियों में बच्चों को उचित शिक्षा-दीक्षा तथा इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्धता के दृष्टिगत अधिकारियों को सौंपी गई। आंगनबाड़ियों के संबंध में कलेक्टर द्वारा जानकारी दी गई।

अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वह आंगनबाड़ियों में जाकर बच्चों की पढ़ाई से लेकर तमाम व्यवस्थाओं को देख रहे हैं और जो जरूरी सुधार हैं उनका कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी नीरजा श्रीवास्तव, जिला खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल द्वारा आंगनवाड़ी में पहुंचकर किए गए निरीक्षण तथा अवलोकन की जानकारी कलेक्टर को दी गई।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे मात्र निरीक्षण तक सीमित नहीं रही बल्कि आंगनवाड़ी के बच्चों से आत्मीयता रखते हुए कार्य करें। एसडीएम सुश्री कृतिका भीमावद ने भी आंगनवाड़ी निरीक्षण की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ियों में अधोसंरचना, आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जिला खनिज फंड से कार्य करवाए जा सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी महीने में दो या तीन बार अपनी आंगनवाड़ी में अवश्य पहुंचे। किसी भी समस्या के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा से संपर्क करें। आंगनवाड़ी में बच्चों के हाथ धोकर भोजन लेने, बर्तनों की उपलब्धता, हैंडवाश सिस्टम, उचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही श्री सिन्हा को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ियों की रैंकिंग भी की जाना है।

बैठक में तहसीलदार गोपाल सोनी ने बताया कि उनकी तहसील में हर सप्ताह 15 से 20 आवेदन विमुक्त, घुमक्कड़, अर्धघुमक्कड़ जातियों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए आते हैं। कलेक्टर ने इस संबंध में समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारी रश्मि तिवारी को भी आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। जिले में पशु चिकित्सा विभाग तथा मत्स्य विभाग द्वारा केसीसी बनाए जा रहे हैं। पशुपालक तथा मत्स्य कृषकों के केसीसी बन जाने पर उनको आवश्यक पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, साथ ही आर्थिक समृद्धि भी हासिल होगी। इस दृष्टि से मत्स्य विभाग को 2000 केसीसी बनाने का लक्ष्य है।

अब तक 735 मत्स्य कृषको के केसीसी बनाए जा चुके है। पशु चिकित्सा विभाग के लक्ष्य के तहत 9000 केसीसी स्वीकृत किए जा चुके हैं। बीते एक सप्ताह में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 1000 पशुपालक कृषकों के केसीसी बनवाए गए।

इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग के अधिकारी श्री कनेल ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत चयनित फसल लहसुन की प्रसंस्करण इकाइयों के 10 प्रकरण बैंकों द्वारा स्वीकृत किए जाने वाले हैं। अब तक 4 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं।

कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की। जनसुनवाई व्यवस्था के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई कार्यक्रम की विश्वसनीयता बरकरार रहे। यदि जनपद क्षेत्रों से शिकायतें आती हैं तो इसका सीधा सा मतलब है कि संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है।

बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा जानकारी दी गई कि जिले की सभी पुरानी जल संवर्धन की 686 योजनाओं में से 48 योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति के प्राक्कलन उपयंत्रियों से प्राप्त होना शेष है। इस संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शेष प्राक्कलन तत्काल प्राप्त कर स्वीकृत सभी जल संवर्धन योजनाओं के जीर्णोद्धार

नवभारत 15-2-22

कलेक्टर पुरुषोत्तम ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# आमजन के स्वास्थ्य के दृष्टिगत खाद्य एवं औषधि निरीक्षक मिलावटी वस्तुओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

इन्दौर समाचार 15-2-22

रतलाम। संमय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में विगत बैठकों की भांति इस बार भी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा खाद्य एवं औषधि विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक जमरा से उनके द्वारा मिलावटी वस्तुओं के विरुद्ध की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। श्री जमरा द्वारा दिए गए उत्तर से असंतुष्ट कलेक्टर द्वारा मावा, दूध, घी इत्यादि खाद्य वस्तुओं में मिलावट के नमूनों ज्यादा से ज्यादा लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में सम्मिलित है।



बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर श्री अभिषेक गहलोत, एसडीएम सुश्री कृतिका भीमावद, डीएफओ डी.एस. डूडवे,- निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर नानावरे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री पी.के.गोगादे, जिला योजना अधिकारी श्री बी.के. पाटीदार, जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की परीक्षाओं के दृष्टिगत कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। रात्रि 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक के लिए सभी डीजे, बैंड इत्यादि ध्वनि विस्तारक प्रतिबंधित किए जाएं ताकि बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आए। आंगनबाड़ियों में बच्चों को उचित शिक्षा-दीक्षा तथा इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्धता के दृष्टिगत अधिकारियों को सौंपी गई। आंगनबाड़ियों के संबंध में कलेक्टर द्वारा जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वह आंगनबाड़ियों में जाकर बच्चों की पढ़ाई से लेकर तमाम व्यवस्थाओं को देख रहे हैं और जो जरूरी सुधार हैं उनका कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव, जिला खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल द्वारा आंगनवाड़ी में पहुंचकर किए गए निरीक्षण तथा अवलोकन की जानकारी कलेक्टर को दी गई।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे मात्र निरीक्षण तक सीमित नहीं रहे बल्कि आंगनवाड़ी के बच्चों से आत्मीयता रखते हुए कार्य करें। एसडीएम सुश्री कृतिका भीमावद ने भी आंगनवाड़ी निरीक्षण की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ियों में अधोसंरचना, आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जिला खनिज फंड से कार्य करवाए जा सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी महीने में दो या तीन बार अपनी आंगनवाड़ी में अवश्य पहुंचे। किसी भी समस्या के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री रजनीश सिन्हा से संपर्क करें। आंगनवाड़ी में बच्चों के हाथ धोकर भोजन लेने, बर्तनों की उपलब्धता, हैंडवाश सिस्टम, उचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही श्री सिन्हा को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ियों की रैंकिंग भी की जाना है। बैठक में तहसीलदार गोपाल सोनी ने बताया कि उनकी तहसील में हर सप्ताह 15 से 20 आवेदन विमुक्त, घुमक्कड़, अर्धघुमक्कड़ जातियों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए आते हैं। कलेक्टर ने इस संबंध में समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारी सुश्री रश्मि तिवारी को भी आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। जिले में पशु चिकित्सा विभाग तथा मत्स्य विभाग द्वारा केसीसी बनाए जा रहे हैं। पशुपालक तथा मत्स्य कृषकों के केसीसी बन जाने पर उनको आवश्यक पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, साथ ही आर्थिक समृद्धि भी हासिल होगी। इस दृष्टि से मत्स्य विभाग को 2000 केसीसी बनाने का लक्ष्य है। अब तक 735 मत्स्य कृषको के केसीसी बनाए जा चुके है। पशु चिकित्सा विभाग के लक्ष्य के तहत 9000 केसीसी स्वीकृत किए जा चुके हैं। बीते एक सप्ताह में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 1000 पशुपालक कृषकों के केसीसी बनवाए गए।

## न्यूज गैलरी

# विजेताओं को किया पुरस्कृत



विजेता को पुरस्कृत करते हुए उपायुक्त विकास सोलंकी। नईदुनिया

15-2

रतलाम। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत जिंगल, मूवी, ड्राइंग, म्यूरल व नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया प्रत्येक प्रतियोगिता में तीन-तीन विजेताओं को नगर निगम द्वारा सम्मानित किया गया। जिंगल प्रतियोगिता में शाकिर अली प्रथम, कमल कुमार द्वितीय, अभिजीत ऊंटवाल तृतीय रहे। मूवी प्रतियोगिता में पुष्पेंद्र चौहान प्रथम, जोया जमना निनामा द्वितीय, अभिषेक कंडारे तृतीय रहे। ड्राइंग प्रतियोगिता में मुस्तफा खान प्रथम, राजेश प्रजापति द्वितीय, दीपिका डबरे तृतीय रहीं। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में पुष्पेंद्र चौहान, कार्तिक, शशांक, धीरेंद्र और म्यूरल प्रतियोगिता में शशांक घावरी प्रथम रहे।

# खाद्य एवं औषधि निरीक्षक मिलावटी वस्तुओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करें

## कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

15-2-22

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**




समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में विगत बैठकों की भांति इस बार भी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा खाद्य एवं औषधि विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक श्री जमरा से उनके द्वारा मिलावटी वस्तुओं के विरुद्ध की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

श्री जमरा द्वारा दिए गए उत्तर से असंतुष्ट कलेक्टर द्वारा मावा, दूध, घी इत्यादि खाद्य वस्तुओं में मिलावट के नमूनों ज्यादा से ज्यादा लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में सम्मिलित है। बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गहलोत, एसडीएम सुश्री कृतिका भीमावद, डीएफओ डी.एस.डूडवे, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर नानावरे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री पी.के.गोगादे, जिला योजना अधिकारी बी.के. पाटीदार, जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की परीक्षाओं के दृष्टिगत कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। रात्रि 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक के लिए सभी डीजे, बैंड इत्यादि ध्वनि विस्तारक प्रतिबंधित किए जाएं ताकि बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आए। आंगनबाड़ियों में बच्चों को उचित शिक्षा-दीक्षा तथा इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्धता के दृष्टिगत अधिकारियों को सौंपी गई। आंगनबाड़ियों के संबंध में कलेक्टर द्वारा जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वह आंगनबाड़ियों में जाकर बच्चों की पढ़ाई से लेकर तमाम व्यवस्थाओं को देख रहे हैं और जो जरूरी सुधार हैं उनका कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव, जिला खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल द्वारा आंगनवाड़ी में पहुंचकर किए गए निरीक्षण तथा अवलोकन की जानकारी कलेक्टर को दी गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे मात्र निरीक्षण तक सीमित नहीं रहीं बल्कि आंगनवाड़ी के बच्चों से आत्मीयता रखते हुए कार्य करें। एसडीएम सुश्री कृतिका भीमावद ने भी आंगनवाड़ी निरीक्षण की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ियों में अधोसंरचना, आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जिला खनिज फंड से कार्य करवाए जा सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी महीने में दो या तीन बार अपनी आंगनवाड़ी में अवश्य पहुंचे। किसी भी समस्या के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा से संपर्क करें। आंगनवाड़ी में बच्चों के हाथ धोकर भोजन लेने, बर्तनों की उपलब्धता, हैंडवाश सिस्टम, उचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही श्री सिन्हा को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ियों की रैंकिंग भी की जाना है।

बैठक में तहसीलदार गोपाल सोनी ने बताया कि उनकी तहसील में हर सप्ताह 15 से 20 आवेदन विमुक्त, घुमक्कड़, अर्धघुमक्कड़ जातियों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए आते हैं। कलेक्टर ने इस संबंध में समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारी सुश्री रश्मि तिवारी को भी आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। जिले में पशु चिकित्सा विभाग तथा मत्स्य विभाग द्वारा केसीसी बनाए जा रहे हैं। पशुपालक तथा मत्स्य कृषकों के केसीसी बन जाने पर उनको आवश्यक पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, साथ ही आर्थिक समृद्धि भी हासिल होगी। इस दृष्टि से मत्स्य विभाग को 2000 केसीसी बनाने का लक्ष्य है।

अब तक 735 मत्स्य कृषको के केसीसी बनाए जा चुके है। पशु चिकित्सा विभाग के लक्ष्य के तहत 9000 केसीसी स्वीकृत किए जा चुके हैं। बीते एक सप्ताह में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 1000 पशुपालक कृषकों के केसीसी बनवाए गए।

इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग के अधिकारी श्री कनेल ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत चयनित फसल लहसुन की प्रसंस्करण इकाइयों के 10 प्रकरण बैंकों द्वारा स्वीकृत किए जाने वाले हैं। अब तक 4 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की।

जनसुनवाई व्यवस्था के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई कार्यक्रम की विश्वसनीयता बरकरार रहे। यदि जनपद क्षेत्रों से शिकायतें आती हैं तो इसका सीधा सा मतलब है कि संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा जानकारी दी गई कि जिले की सभी पुरानी जल संवर्धन की 686 योजनाओं में से 48 योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति के प्राक्कलन उपयंत्रियों से प्राप्त होना शेष है। इस संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शेष प्राक्कलन तत्काल प्राप्त कर स्वीकृत सभी जल संवर्धन योजनाओं के जीर्णोद्धार कार्य को 15 अप्रैल तक पूर्ण कराया जाए।

उपलब्धि **स्वच्छ प्रतिष्ठान में चयन के बाद मिला सम्मान**

# सराफा एसोसिएशन सबसे साफ

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण अभियान में शहर के होटल, स्कूल, हास्पिटल, आफिस, मार्केट, हाकर्स जोन को स्वच्छता व आवश्य सुविधाओं के आधार पर चयनित किया गया। सोमवार को अलकापुरी कम्युनिटी हाल पर आयोजित कार्यक्रम में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, भाजयुमो अध्यक्ष विप्लव जैन, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर दिव्या पाटीदार आदि के द्वारा प्रतिष्ठानों के संचालकों को सम्मानित किया गया।

निगम आयुक्त झारिया ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वच्छता माह पुरे प्रदेश में मनाया जा रहा है। तय मापदण्डों में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले प्रतिष्ठानों को आज सम्मानित किया जा रहा है। ब्रांड एंबेसेडर दिव्या पाटीदार व दीपिका पटेल ने शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य




स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण अभियान में पुरस्कार प्रदान करते हुए अतिथि। ●नईदुनिया

अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य आदि उपस्थित रहे।

**श्रेणीवार इनको मिला सम्मान**

**होटल :** समता सागर होटल महू रोड प्रथम, बालाजी सैंट्रल सैलाना रोड द्वितीय, जेएमडी पैलेस सागोद रोड तृतीय। 15-2-22

**स्कूल :** सेंट जोसेफ कांवेंट स्कूल मित्र निवास रोड प्रथम, हिमालय किड्स स्कूल द्वितीय, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक स्कूल सागोद रोड तृतीय।

**हास्पिटल :** आशीर्वाद हास्पिटल वेदव्यास कालोनी प्रथम, रतलाम हास्पिटल शास्त्री नगर द्वितीय, आरोग्यम हास्पिटल कालेज रोड तृतीय।

**आफिस :** कार्यालय कलेक्टर महू रोड प्रथम, नगर निगम कालेज रोड द्वितीय, जिला पंचायत कोर्ट तिराहा तृतीय।

**मार्केट एसोसिएशन :** सराफा मर्चेंट एसोसिएशन प्रथम, क्लाथ मर्चेंट द्वितीय, कसेरा मर्चेंट एसोसिएशन तृतीय। **हाकर्स जोन :** दो बत्ती हाकर्स जोन प्रथम, कालिका माता जोन द्वितीय व चांदनी चौक जोन तृतीय।

# घास बाजार से चांदनी चौक तक बनेगी सड़क

## गणेश देवरी से धानमंडी की सड़क का भी नए सिरे से होगा निर्माण

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र चांदनीचौक, घास बाजार में सीमेंट-कांक्रीट सड़क का निर्माण अगले माह से शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही गणेश देवरी से धानमंडी तक भी सीसी रोड बनाई जाएगी। नगर निगम ने दोनों सड़कों के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। 25 फरवरी तक टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

मालूम हो कि चौमुखीपुल क्षेत्र में भूमिगत नालों के जाम होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। ये मार्ग बेहद जर्जर हो गए हैं। सराफा व साड़ी बाजार होने से यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग खरीदी के लिए आते हैं। अब नए सिरे से सीसी रोड बनाने के दौरान सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लाक लगाने के साथ ही जलनिकासी के इंतजाम भी बेहतर होंगे। सड़क बनने तक जर्जर हिस्सों में निगम ने पेचवर्क करवाया है।



चांदनीचौक मार्ग, जिसे नए सिरे से बनाया जाएगा। ●नईदुनिया 15-2-22

# स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक कर रहे है ब्रांड एम्बेसेडर



सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

14-2-22

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत नगर पालिक निगम ने पाँच ब्रांड एम्बेसडर बनाये हैं जिनमे में पद्मश्री विजेता डॉक्टर लीला जोशी मैडम, मिसेस इंडिया एंड मिसेस यूरेशिया दिव्या पाटीदार जोशीजी , शहर के स्वच्छता अभियान में अपना योगदान देने वाले समाजसेवी नवोदित बैरागी जी एवं अंजू सूर्यवंशीजी एवं खेल जगत में विख्यात अनुज शर्मा जी । इन सभी के द्वारा समय समय पर जन जागरूकता के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है साथ ही निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर समय समय पर कार्य योजना तैयार की जाती है ताकी स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम शहर को देश के स्वच्छतम शहरों में से एक बनाया जा सके। सभी ब्रांड एम्बेसेडर स्वयं भी कम्पोस्टिंग, स्त्रोत पृथकरण, एवं स्वच्छता एप का उपयोग कर आम जन के बीच इन प्रक्रियाओं का प्रचार प्रसार करते है।

## वार्ड नम्बर 9 के नागरिक बना रहे है गीले कचरे से जैविक खाद

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत वार्ड 9 को आत्मनिर्भर वार्ड घोषित किया गया । वार्ड के अंतर्गत आने वाले 2 रहवासी संघों, रत्नपुरी विकास समिति एवं सेवा समिति ( शुभम परिसर) द्वारा घरों से निकलने वाले गीले कचरे का प्रसंस्करण वही पर निगम द्वारा बनाये गए कंपोस्टिंग पिट के द्वारा किया जा रहा है एवं खाद का निर्माण किया जा रहा है। समय समय पर कई तरह की गतिविधियों के माध्यम से वार्ड के रहवासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से गीले कचरे से खाद बनाने की विधि सिखाई जा रही है। वार्ड के रहवासी घर से निकलने वाले कचरे को चार हिस्सों में ( गिला,सुखा, घरेलू हानिकारक एवं सेनेटरी ), पृथक्करण कर निगम द्वारा संचालित कचरा संग्रहण वाहन में ही डालते है। सूखा कचरा निगम के ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा पर जाता है एवं गीले कचरे से खाद बनाई जा रही है।साथ ही घरेलू हानिकारक एवं सेनेटरी कचरे का निगम द्वारा अनुबंधित संस्था में प्रसंस्करण किया जाता है।



# स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक कर रहे हैं ब्रांड एम्बेसडर

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत नगर पालिक निगम ने पाँच ब्रांड एम्बेसडर बनाये हैं जिनमे में पद्मश्री विजेता डॉक्टर लीला जोशी मैडम, मिसेस इंडिया एंड मिसेस यूरेशिया दिव्या पाटीदार जोशी, शहर के स्वच्छता अभियान में अपना योगदान देने वाले समाजसेवी नवोदित बैरागी एवं अंजू सूर्यवंशी एवं खेल जगत में विख्यात अनुज शर्मा। इन सभी के द्वारा समय समय पर जन जागरूकता के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है साथ ही निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर समय समय पर कार्य योजना तैयार की जाती है ताकी स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम शहर को देश के स्वच्छतम शहरों में से एक बनाया जा सके। सभी ब्रांड एम्बेसेडर स्वयं भी कम्पोस्टिंग, स्त्रोत पृथकरण, एवं स्वच्छता एप का उपयोग कर आम जन के बीच इन प्रक्रियाओं का प्रचार प्रसार करते हैं।

उज्जैन/प्रतिभा 14-2-22